# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 26.04.2025

**1.थाना फेस-2 पुलिस द्वारा मोबाइल टावरो से आरआरयू चोरी करने वाले 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का 01 आरआरयू व 03 अवैध चाकू बरामद।**

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 26.04.2025** को थाना फेस-2 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से मोबाइल टावरो से आरआरयू चोरी करने वाले 03 अभियुक्त 1.अमित यादव पुत्र रामनरेश यादव 2.रशीद खान उर्फ आशू पुत्र सिराजोद्दीन 3.अब्दुल रहमान पुत्र दिलशाद को थाना क्षेत्र के निम्मी विहार पुस्ता से पहले तिराहा के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का 01 आरआरयू व 03 अवैध चाकू बरामद किये गये है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है, जो घूम-फिरकर एनसीआर क्षेत्र व आस-पास के क्षेत्रो में रात में मोबाइल टावरो पर चढ़कर कीमती उपकरणों (आरआरयू आदि) को चोरी करते है व अपने पास अवैध हथियार(चाकू) रखते है।

1. अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर है जो कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में किराये की गाड़ी से मोबाइल टावरो की रैकी करते है और पकड़े जाने पर यात्री होने का बहाना बना लेते है, ताकि किसी को शक न हो।
2. अभियुक्तगण उपरोक्त एनसीआर क्षेत्र में चोरी की घटना कारित करते है तथा अपने पास अवैध हथियार(चाकू) रखते है।
3. अभियुक्तगण उपरोक्त के द्वारा एनसीआर क्षेत्र में भिन्न-भिन्न मोबाइल टावरो जहां पर सिक्योरिटी गार्ड नही रहते वहां रैकी करके उन मोबाइल टावरो को टारगेट कर उन मोबाइल टावरो से आरआरयू व अन्य कीमती उपकरण चोरी कर लेते है।
4. यह सभी अभियुक्तगण पकड़े जाने के डर से एक जगह न रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं तथा एक जगह टिक कर नही रहते।
5. यह सभी अभियुक्तगण पकड़े जाने के डर से केवल व्हाट्सऐप्प कॉल का प्रयोग करते है ताकि पुलिस इनको ट्रेस न कर सके।
6. इन सभी अभियुक्तगण के विरूद्ध पूर्व में काफी मुकदमे पंजीकृत है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. अमित यादव पुत्र रामनरेश यादव निवासी डूडपुरा, थाना/चौकी पूठ जिला इटावा वर्तमान निवासी शिव विहार कॉलोनी, थाना करावलनगर, दिल्ली उम्र करीब 20 वर्ष, शिक्षा-अशिक्षित।

2. रशीद खान उर्फ आशू पुत्र सिराजोद्दीन निवासी ग्राम भिखनपुर, थाना मुरादनगर, जिला गाजियाबाद वर्तमान निवासी आजाद इन्कलेव, पूजा कॉलोनी, थाना लोनी देहात, जिला गाजियाबाद उम्र करीब 24 वर्ष, शिक्षा- कक्षा-11
3. अब्दुल रहमान पुत्र दिलशाद निवासी बझेड़ा, थाना धोलाना, गाजियाबाद वर्तमान पता आजाद एन्कलेव, पूजा कॉलोनी, थाना लोनी देहात, गाजियाबाद उम्र करीब 25 वर्ष, शिक्षा-कक्षा 11

**पंजीकृत अभियोग/अपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 200/25 धारा 317(5) बीएनएस 4/25 आर्म्स एक्ट, थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 157/2025 धारा 303(2), 317(5) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।
3. मु0अ0सं0 71/2025 धारा 303(2),317(3) बीएनएस थाना सेक्टर-58, नोएडा।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 आर.आर.यू
2. 03 अवैध चाकू